6 ★ RR(B)/300/4507

# B

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**CCE RR**
**NCERT**
**UNREVISED**
**REDUCED SYLLABUS**

Question Paper Serial No. **300**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 60-H**

**Code No. : 60-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 12. 04. 2023 ] [ Date :12. 04. 2023

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ–1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

यहाँ से काटिए

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8**

1. 'मधुर' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) सुमधुर (B) कठोर

(C) कुमधुर (D) कठिन

2. निम्न में से बहुवचन रूपी शब्द है –

(A) दीवार (B) लाठी

(C) लड़कियाँ (D) घोड़ा

3. 'निहारना' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) देखना (B) बोलना

(C) ढूँढ़ना (D) हँसना

4. 'श्रद्धानंद' शब्द में संधि है –

(A) यण् (B) गुण

(C) दीर्घ (D) विसर्ग

5. निम्न में से उपसर्गयुक्त शब्द है –

(A) शक्तिशाली (B) बेहोश

(C) घबराहट (D) चिंतनशील

6. प्राचीन भारत में ग्रामों की दशा अच्छी थी।

उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) अल्पविराम (B) अर्धविराम

(C) योजक (D) पूर्ण विराम

7. 'घर-बाहर' निम्न में से इस समास का उदाहरण है –

(A) द्विगु (B) द्वंद्व

(C) तत्पुरुष (D) कर्मधारय

8. निम्न विशेषणों में भाववाचक संज्ञा है –

(A) सफलता (B) विलक्षण

(C) शुद्ध (D) सजग

**II. सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए।** **4 × 1 = 4**

| अ | | ब | |
|---|---|---|---|
| 9. | वज़ीर अली | a) | सुमित्रानंदन पंत |
| 10. | सुलेमान | b) | कर्नल कालिंज |
| 11. | करुणामय | c) | जाँबाज़ सिपाही |
| 12. | पर्वत प्रदेश में पावस | d) | सहायक |
| | | e) | सब का रखवाला |
| | | f) | महादेवी वर्मा |
| | | g) | दूसरों पर दया करनेवाला |

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. 'तताँरा-वामीरो कथा' कहाँ की लोककथा है ?

14. जापानी में चाय पीने की विधि को क्या कहते हैं ?

15. कवि ने किस काफ़िले को आगे बढ़ाते रहने की बात कही है ?

16. कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. लेखक निदा फ़ाज़ली की माँ ने पूरे दिन का रोज़ा क्यों रखा ?

18. गिन्नी का सोना शुद्ध सोने से कैसे अलग है ?

19. सवार के जाने के बाद कर्नल कालिंज क्यों हक्का-बक्का रह गया ?

20. 'तोप' कविता से आपको क्या सीख मिलती है ?

21. कवि कैफ़ी आज़मी ने कविता में 'साथियों' संबोधन का प्रयोग क्यों किया है ?

22. आत्मत्राण कविता में कवि सहायक के न मिलने पर क्या प्रार्थना करता है ?

23. लेखक और हरिहर काका के बीच का संबंध कैसा था ?

**अथवा**

हरिहर काका के भाइयों ने अपनी पत्नियों को क्या सीख दी थी ?

[ Turn over

24. 'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई ?

**अथवा**

इफ़्फ़न की दादी ने अपने बेटे की शादी में गाने-बजाने की इच्छा पूरी क्यों नहीं कर पाई ?

**V. क) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए :** **9 × 3 = 27**

25. खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी।

26. बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी।

27. उड़ा दिए थे मैंने

अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जे।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

28. तताँरा से देखी गई समुद्र तट के सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

29. मीराबाई श्रीकृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तैयार हैं ?

30. वज़ीर अली एक जाबाँज़ सिपाही था, कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

31. 'मनुष्यता' कविता में उदार व्यक्ति की पहचान कैसे दिखाया गया है ? विवरण दीजिए।

32. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोइ।

ऐकै अषिर पीव का, पढ़ै सु पंडित होइ।।

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**

मैथिलीशरण गुप्त जी का जन्म झाँसी जिले के चिरगाँव में हुआ। इनकी शिक्षा घर पर ही हुई। वे संस्कृत, मराठी, बांग्ला और अंग्रेजी भाषा जानते थे।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** **$2 \times 4 = 8$**

34. बड़े भाई साहब के विशेष गुणों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

छोटे भाई का व्यक्तित्व बड़े भाई के व्यक्तित्व से बिलकुल अलग था, कैसे ? विवरण दीजिए।

35. **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

सौरभ फैला ..............................................

..............................................................

..............................................................

................................................ गल गल !

**VII.** 36. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1 × 4 = 4**

नागालैंड असम के पूर्व और मणिपुर के उत्तर में स्थित है। इसका भू-प्रदेश पर्वतीय है। यहाँ वर्षा भी काफ़ी होती है, जिसके फलस्वरूप पहाड़ों पर सीढ़ीनुमा खेतों में अच्छी उपज होती है। यहाँ के लोग प्रकृति की तरह मोहक हैं। इनका

शरीर स्वस्थ, सुडौल और ताम्र वर्ण का होता है। नागा लोग कई उपजातियों में बँटे हुए हैं जिनमें कीन्याक, सेमा, लोया, आओ और अंगामी प्रमुख हैं। इन उपजातियों के रीति-रिवाज़ों में काफ़ी अंतर है।

**प्रश्न :**

अ) नागालैंड का भू-प्रदेश कैसा है ?

आ) नागालैंड के खेतों में अच्छी उपज क्यों होती है ?

इ) नागा लोगों का शरीर कैसा होता है ?

ई) नागा लोग किन-किन उपजातियों में बँटे हुए हैं ?

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

**क) पर्यावरण**

* प्रस्तावना
* प्रदूषण के प्रकार
* परिहारोपाय
* उपसंहार

**ख) पुस्तकालय**

✳ प्रस्तावना

✳ महत्व

✳ लाभ

✳ उपसंहार

**ग) समाचार पत्र**

✳ प्रस्तावना

✳ प्रकार

✳ लाभ

✳ उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. एक उचित कारण देते हुए तीन दिन की छुट्टी के लिए अपने कक्षा अध्यापक को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

शाला शैक्षिक यात्रा के लिए अपने पिताजी से 1,000/- रुपये और अनुमति माँगते हुए एक पत्र लिखिए।